# आरटीओ कार्यालय में बड़ी कार्रवाई: दलालों और बाहरी तत्वों पर कसा शिकंजा, कर्मचारियों के कामकाज बदले

### नए आरटीओ का कड़ा रुख; अवैध वसूली और गोलमाल की शिकायतों के बाद कई बाहरी लोग दफ्तर से बाहर

**सतना।** परिवहन विभाग की छवि सुधारने और कार्यालय के भीतर जारी अनियमितताओं को जड़ से खत्म करने के लिए सतना के नए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। लंबे समय से आरटीओ कार्यालय में अपनी जड़ें जमाए बैठे गैर-सरकारी (प्राइवेट) कर्मचारियों और दलालों के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग में सक्रिय प्रमुख बाहरी तत्व दीपक लल्लू समेत कई अन्य अनाधिकृत लोगों को तत्काल प्रभाव से कार्यालय से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

### कार्यालय में मची खलबली, तीखी नोक झोंक के बाद निकाला बाहर

सतना आरटीओ कार्यालय की कमान संभालते ही नए अधिकारी को इस पूरे सिंडिकेट और बदनामी की सूचना मिल चुकी थी। व्यवस्था को दुरुस्त करने के संकल्प के साथ नए आरटीओ ने शुक्रवार को इन संदिग्ध और गैर-सरकारी लोगों को अपने कक्ष में तलब किया। जैसे ही अधिकारी ने उन्हें तत्काल कार्यालय परिसर छोड़ने और दोबारा न दिखने की सख्त हिदायत दी,तो वहां मौजूद कुछ तत्व उलझने की कोशिश करने लगे। इस दौरान कार्यालय में तीखी कहासुनी और हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि,नए अधिकारी के कड़े तेवरों के आगे उनकी एक न चली और उन्हें तुरंत शासकीय परिसर से बाहर खदेड़ दिया गया।



### अधिकारियों की शह पर चल रहा था वसूली का खेल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,सतना और रीवा के कुछ रसूखदार और शातिर लोग पिछले लंबे समय से सतना आरटीओ कार्यालय को अपना ठिकाना बनाए हुए थे। ये बाहरी तत्व कार्यालय के ही कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की शह पर पूरी तरह सक्रिय थे। आरोप है कि इन लोगों द्वारा आम जनता और वाहन स्वामियों से काम कराने के बदले मोटी रकम की अवैध वसूली की जा रही थी। फाइलों के हेरफेर और पैसों के इस गोलमाल के कारण ईमानदार आवेदकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था,जिससे पूरे मध्य प्रदेश में सतना परिवहन विभाग की साख धूमिल हो रही थी।

### पारदर्शिता के लिए कार्य विभाजन में बड़ा फेरबदल

बाहरी तत्वों को खदेड़ने के साथ ही नए आरटीओ ने कार्यालय की पूरी व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए शासकीय कर्मचारियों के विभागों और कार्यों का नए सिरे से विभाजन कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत देवेंद्र चौधरी को अब बस और टैक्सी से जुड़े कामकाज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हिंमाशु को मोटरसाइकिल और ऑटो रिक्शा विभाग का प्रभार दिया गया है। शिव शंकर सिंह को ट्रैक्टर और हार्वेस्टर से संबंधित कार्यों का जिम्मा मिला है। कार्यालय की एक महिला कर्मचारी को मोटरसाइकिल ट्रांसफर (हस्तांतरण) और ट्रक परमिट का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है।नए आरटीओ की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई से जहां बिचौलियों और दलालों में हड़कंप मच गया है,वहीं आम जनता ने इस बदलाव पर राहत की सांस ली है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस नई कार्य-व्यवस्था से विभाग के कार्यों में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

## उचेहरा में हृदय विदारक हादसा: तालाब में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

### महाराजपुर के पिपरा गांव में पसरा मातम, नहाने के दौरान गहरे पानी में गए बच्चे

सतना।

उचेहरा थाना एवं परसमनिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महाराजपुर के पिपरा गांव से एक बेहद दुखद और हृदयविदारक खबर सामने आई है। यहाँ घर के पास स्थित तालाब में नहाने गए दो सगे मासूम भाई-बहन की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद से पूरे गांव में सन्नाटा खिंच गया है और पीड़ित परिवार सहित पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पिपरा निवासी अरुण सिंह गोंड का 7 वर्षीय पुत्र शुभम गोंड और 5 वर्षीय पुत्री अक्षिता गोंड दोपहर के समय घर के समीप बने तालाब में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों मासूम बच्चे अचानक गहरे पानी की चपेट में आ गए और खुद को संभाल नहीं पाने के कारण डूब गए।काफी देर तक जब दोनों बच्चे घर वापस नहीं लौटे,तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और दोनों मासूमों की सांसें थम चुकी थीं। इस घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है।



## सतना रेलवे स्टेशन पर गूंजी किलकारी
# समय पर नहीं पहुंची एम्बुलेंस

### महिला यात्रियों ने प्रतीक्षालय में कराया सुरक्षित प्रसव

**सतना।** रेलवे स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय में शनिवार तड़के स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। यहाँ प्रसव पीड़ा से तड़प रही खुशबू नामक महिला ने एम्बुलेंस न मिलने पर टिकट काउंटर के पास एक नवजात शिशु को जन्म दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,गर्भवती महिला प्रतीक्षालय में अकेली थी और उसका पति उसे छोड़कर कहीं चला गया था। महिला को तड़पता देख वहाँ मौजूद अन्य महिला यात्रियों ने 'जननी एक्सप्रेस' को फोन कर मदद मांगी,लेकिन काफी देर तक कोई एम्बुलेंस नहीं पहुंची। आरोप यह भी है कि जिला अस्पताल ले जाने के लिए पैसों की मांग की जा रही थी। करीब एक घंटे के इंतजार के बाद,सुबह 4:22 बजे



स्टेशन पर मौजूद महिलाओं ने ही हिम्मत जुटाई और आपसी सहयोग से महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। इस घटना के बाद जननी एक्सप्रेस और जिला प्रशासन की आपात कालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं,और स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## आयुष्मान हॉस्पिटल मार्ग पर अतिक्रमण से जनता बेहाल, लग रहा लंबा जाम



### सड़कों पर गैराज और अवैध पार्किंग बनी मुसीबत, राहगीर परेशान

**सतना।** सर्किट हाउस के निकट शहर का व्यस्ततम आयुष्मान हॉस्पिटल मार्ग इन दिनों भारी अव्यवस्था और अतिक्रमण की चपेट में है,जिसके कारण स्थानीय निवासियों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर संचालित होने वाले मोटर गैराज संचालकों द्वारा सुधार के लिए आने वाले वाहनों और बड़े-बड़े कल-पुर्जों को खुलेआम सड़कों पर रख दिया जाता है। इसके अलावा, बची-कुची कसर चार पहिया और दो पहिया वाहनों की बेतरतीब अवैध पार्किंग पूरी कर देती है। सड़क के दोनों ओर फैले इस अतिक्रमण के चलते मुख्य मार्ग पूरी तरह सिकुड़ गया है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि आए दिन यहाँ घंटों लंबा जाम निर्मित होता है। सबसे ज्यादा परेशानी अस्पताल आने-जाने वाले गंभीर मरीजों और एम्बुलेंस को होती है,जो इस जाम में फंस जाती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिम्मेदार प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा है। यदि जल्द ही इस मार्ग से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं की गई,तो यहाँ रोजाना की यह समस्या किसी बड़ी मुसीबत का सबब बन सकती है।

### जर्जर सड़क पर हादसे का साया,ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश
### बाधी मौहार मुख्य मार्ग बदहाल, स्कूल के पास बने गहरे गड्ढे बने 'काल'



**सतना।** जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बाधी मौहार की मुख्य सड़क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। कई प्रमुख गांवों को आपस में जोड़ने वाला यह अत्यंत सीधा और व्यस्ततम मार्ग वर्तमान में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े और गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए 'काल' बनकर उभर रहे हैं। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक हर पल दुर्घटना के साए में सफर करने को मजबूर हैं,जिससे यहाँ कभी भी कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है। ग्रामीणों के मुताबिक,सबसे बदतर और डरावनी स्थिति स्थानीय स्कूल के पास से लेकर रामपत भवन (गबन) तक की बनी हुई है। स्कूल के पास सड़क पूरी तरह से गायब हो चुकी है और सिर्फ गड्ढे ही नजर आते हैं, जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को निकलने में भारी कठिनाई होती है। सड़क की इस दुर्दशा को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई,तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### 'वर्चस्व' के लिए आपस में भिड़े दो सांप
### पुरानी पुलिस कॉलोनी का वीडियो वायरल, लोग जिसे 'रोमांस' समझे वो निकला प्रादेशिक युद्ध



**सतना।** शहर की पुरानी पुलिस कॉलोनी के गार्डन में हाल ही में प्रकृति का एक बेहद दुर्लभ और अनोखा नजारा देखने को मिला,जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दो सांप आपस में लिपटे हुए एक विशेष प्रकार का नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। इस नजारे को देखकर आम लोग और राहगीर इसे नाग-नागिन का प्रेम मिलाप यानी 'रोमांस' समझ रहे थे और कौतुहलवश इसका वीडियो बनाने लगे। हालांकि,जब इस संबंध में वन्यजीव विशेषज्ञों से जानकारी ली गई,तो उन्होंने एक दिलचस्प सच्चाई से पर्दा उठाया। विशेषज्ञों के अनुसार,यह कोई प्रेम नृत्य नहीं है,बल्कि दो नर (**Male**) सांपों के बीच अपने इलाके और मादा सांप पर अधिकार जमाने के लिए होने वाला 'प्रादेशिक युद्ध' है। इस अनोखी लड़ाई की खासियत यह होती है कि दोनों सांप एक-दूसरे को काटते या नुकसान नहीं पहुंचाते,बल्कि सिर्फ अपनी ताकत के बल पर सामने वाले को जमीन पर दबाने की कोशिश करते हैं। इस कुश्ती में जो सांप कमजोर पड़ता है, वह मैदान छोड़कर पीछे हट जाता है और विजेता सांप उस पूरे इलाके पर राज करता है।

### अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के विरोध में महिला कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन



**सतना।** अयोध्या के श्री राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी का मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच जिले में महिला कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी गहरी नाराजगी जताने और दोषियों को 'सद्बुद्धि' देने की कामना के साथ सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में एक अनोखा और धार्मिक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मंदिर परिसर बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंदिर में एकत्रित होकर सबसे पहले एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया। आहुतियाँ देते हुए महिलाओं ने प्रार्थना की कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र में सेंध लगाने वाले अपराधियों का जल्द पर्दाफाश हो।इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रदर्शन की सबसे खास बात यह रही कि इसके विरोध में महिलाओं ने पूरे दिन का उपवास (व्रत) रखा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा,जो लोग धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं,उनके संरक्षण में भगवान के घर में ही चोरी हो गई। श्रद्धालुओं की गाढ़ी कमाई के चढ़ावे पर डाका डालना महापाप है।

## खबर संक्षेप

### मैहर में अवैध लकड़ी से लदा ट्रैक्टर जब्त, टाल संचालक पर संशय



**मैहर।** मैहर वन विभाग ने मुखबिर की सटीक सूचना पर अवैध लकड़ी के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वन विभाग की टीम ने सरना पैलेस के पास स्थित गुरुनानक शामिल (टाल) पर छापा मारकर करही की अवैध लकड़ी से लदे एक पावर टेक ट्रैक्टर को रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने तुरंत ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग कार्यालय पहुंचा दिया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार,इस अवैध लकड़ी को परिवहन कर गुरुनानक टाल पर लाया गया था,जहाँ इसे चीरने या बेचने की तैयारी थी। फिलहाल वन विभाग इस पूरे मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटा है। विभाग यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि यह लकड़ी कहाँ से काटी गई थी और इस काले कारोबार के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह बड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या वन विभाग की यह कार्रवाई सिर्फ ट्रैक्टर जब्ती तक ही सीमित रह जाएगी,या फिर अवैध लकड़ी खरीदने की तैयारी करने वाले टाल संचालक पर भी शिकंजा कसा जाएगा। अगर जांच में टाल संचालक की संलिप्तता या अवैध खरीद-फरोख्त की बात सामने आती है,तो उन पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल,क्षेत्र के लोगों की निगाहें वन विभाग की आगामी जांच और कार्रवाई पर टिकी हैं।

### नादन पहुंच मार्ग निर्माण के लिए विधायक ने कलेक्टर को फिर लिखा पत्र

**मैहर।** नादन बस्ती से शासकीय महाविद्यालय नादन तक जाने वाले करीब 3 किलोमीटर लंबे पहुंच मार्ग के निर्माण को लेकर स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर सक्रियता दिखाई है। विधायक ने मैहर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है कि इस बेहद महत्वपूर्ण मार्ग का लोक निर्माण विभाग से शीघ्र इस्टीमेट तैयार करवाकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। विधायक चतुर्वेदी ने पत्र के माध्यम से ध्यान दिलाया कि वे इस जनहित के मुद्दे को पहले भी कई बार उठा चुके हैं। उन्होंने 13 दिसंबर 2025 को जिला सलाहकार समिति की बैठक के साथ-साथ 17 जनवरी,21 मई और 30 जून 2026 को आयोजित जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठकों में भी इस सड़क के निर्माण का अनुरोध किया था,लेकिन इसके बावजूद अब तक धरातल पर काम शुरू नहीं हो सका है। इस पहुंच मार्ग से रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं,ग्रामीण और मरीज गुजरते हैं। वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है,जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।विधायक ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि जनता की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द इस्टीमेट बनवाकर सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।

### भाजपा किसान मोर्चा का संगठनात्मक विस्तार: पवन बने मैहर नगर मंडल अध्यक्ष



**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला मैहर ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए जिले के विभिन्न मंडलों में अध्यक्षों की घोषणा की है।इसी कड़ी में जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष विक्रम सिंह द्वारा जारी आधिकारिक सूची के अनुसार,पवन दुबे को मैहर नगरमंडल अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।यह संगठनात्मक नियुक्तियां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के दिशा-निर्देशों पर की गई हैं। साथ ही इसमें संभागीय संगठन प्रभारी विजय द्विवेदी,जिला संगठन प्रभारी डॉ.नंदिता पाठक और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने की सहमति शामिल रही।

### अब तक 242.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 11जुलाई तक 242.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 343.6 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 242.6 मि.मी.,बरौंधा(मझगवां) में 265.9 मि.मी, बिरसिंहपुर में 332.9 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 254.6 मि.मी.,नागौद में 232.8 मि.मी.,जसो (नागौद) में 78.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 190.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।




**खबर संक्षेप**

## जिला चिकित्सालय में अव्यवस्था पर कांग्रेस सख्त, जल्द सुधार न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय में आईसीयू की छत टपकने और अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में समस्त जिला कांग्रेस ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईसीयू में जलभराव, डॉक्टरों के राउंड न लगने और इलाज के नाम पर पैसे मांगे जाने जैसी शिकायतें सामने आईं। इस पर कांग्रेस ने कहा है कि जिला चिकित्सालय में जल्द से जल्द सुधार नहीं लाया गया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने सीएमएचओ से आउटसोर्स कर्मचारियों की सूची और ईपीएफ का ब्यौरा भी मांगा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मरीजों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मजदूर के साथ ठेकेदार ने की मारपीट मामला दर्ज




**शाहनगर।** थाना वाहनगर क्षेत्रांतर्गत टिकरिया के समीप खरमोरा में मजदुरी छोड कर अपने घर आने पर एक ठेकेदार ने मजदूर के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी मामले की शिकायत फरियादी भरत खैरवार पिता मुन्नु खैरवार उम्र 24 वर्ष निवासी खरमोरा ने थाना शाहनगर पहूच कर रिपोर्ट दर्ज कराई की 9जुलाई की बात है मे कृषि कार्य को लेकर अपने खेतों की ओर जा रहा था तभी ठेकेदार नंदकिशोर खैरवार पिता राजाराम खैरवार ने कहा की तुम काम छोडकर शहर से आ गये मेरा नुकसान हो गया तो मेने कहा की की मेरी खेती किसानी थी तो उसने पास ही जमीन पर पडा डन्डा मेरे सिर पर मार दिया और भागते हुये कह रहा था की रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देगे। मामले की शिकायत के अधार पर शाहनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## शाहनगर में जन निगम योजना के नलों की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, सड़क पर बह रहा पानी, आवागमन बाधित



**शाहनगर ।** शाहनगर मुख्यालय में जननिगम योजना के तहत बिछाई गई वाटर सप्लाई की पाइपलाइन वाहनों के आवागमन से क्षतिग्रस्त हो गई है। पाइप फूटने से सड़क पर पानी फैल गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भारी वाहनों के लगातार चलने से सड़क के नीचे दबी पेयजल पाइपलाइन टूट गई। इससे लीकेज होकर सड़क पर पानी जमा हो गया है। पानी भरने से सड़क फिसलन भरी हो गई है और हादसे का खतरा भी बढ़ गया है।नलों में पानी की सप्लाई भी बाधित हो गई है। क्षेत्रवासियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को जल्द से जल्द दुरुस्त कर पानी की सप्लाई सुचारू की जाए और सड़क से पानी की निकासी कराई जाए ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

## विद्यालय, समय के आधे घंटे बाद हो जाती है स्कूल की छुट्टी



**शाहनगर।** शाहनगर सांदीपनी विद्यालय कैम्पस-2 में समय से पहले छुट्टी कर छोटे बच्चों को व्यस्त सड़क पर छोड़ दिया जाता है। मामला '9 जुलाई गुरुवार की शाम 4 बजे का है विद्यालय के प्रधानाचार्य जयदेव पाठक ने घंटी बजवाकर बच्चों की छुट्टी कर दी। हद तो तब हो गई जब छुट्टी के बाद बच्चे स्कूल परिसर में खेल रहे थे, तब प्रधानाध्यापक ने कहा ष्आप लोग घर जा सकते हो, यहां खेलना नहीं हैष। इसके बाद कक्षा 3 से 5 तक के छात्र-छात्राएं स्कूल के सामने से गुजरने व्यस्ततम बोरी सड़क पर पैदल जाते देखे गए। सड़क पर मिले छात्राओं शिवानी कक्षा-4, निशा कक्षा-3 सहित अन्य बच्चों ने बताया की स्कूल की छुट्टी कर दी गयी और कहा की 4 बज गए हैं, आप लोग घर जाइए जबकि हम लोग स्कूल में खेल रहे थे। काबिलेगौर है की विद्यालय में केजी-1 से 5वीं तक कक्षाएं संचालित हैं। दर्ज संख्या 108 है। विद्यालय में कुल 6 शिक्षक-शिक्षिकायें पदस्थ हैं - जिसमें प्राथमिक खन्ड प्रधानाध्यापक जयदेव पाठक, मजरा खातुन, अनिल कुमार मिश्रा, कल्पना नांगफांसे, शिवानी सिंह, स्वार्थी लोधी का स्टाप है।

# आमरण अनशन का छठवां दिन, अमित भटनागर का स्वास्थ्य बिगड़ा, नहीं हो रहा स्वास्थ्य परीक्षण

### नौवें दिन भी जारी रहा चिता आंदोलन, विपरीत मौसम में भी जोर पकड़ता जा रहा आंदोलन

पन्ना।



केन-बेतवा लिंक परियोजना तथा अन्य संबंधित परियोजनाओं मझगांय, रूंझ, नेगुवा एवं एनटीपीसी से विस्थापित हो रहे परिवारों का न्यायपूर्ण संघर्ष श्चिता आंदोलनश के रूप में आज नौवें दिन भी जय किसान संगठन के बैनर तले पूरी तीव्रता के साथ जारी है। सत्याग्रह का विस्तार अपनी मांगों को लेकर आंदोलनकारियों ने संघर्ष का दायरा बढ़ाते हुए शिमट्टी सत्याग्रहश पांचवां दिन और श्जल सत्याग्रहश चौथा दिन एवं श्फांसी सत्याग्रहश दूसरा दिनभी निरंतर जारी रहा है।

**स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता-**

अमित भटनागर का आमरण अनशन छठवें दिन भी जारी है। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि 5 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा उनका कोई स्वास्थ्य परीक्षण मेडिकल टेस्ट नहीं कराया गया है, जो कि अत्यंत चिंताजनक और प्रशासन की इस तरह कि असंवेदनशीलता पर आंदोलनकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि हम यहां अपनी मर्जी से नहीं बैठे हैं,

**प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल-**

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर ने भू-अर्जन कानून 2013 की धारा 38(1) और 38(2) का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावित परिवारों को पूर्ण मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया एवं इस तरह से विपरीत मौसम में बिना नोटिस एवं बिना उचित मुआवजा दिए मकान तोड़ना पूर्णतः गैर-कानूनी है। उन्होंने प्रशासन से पूछा कि यदि राज्य सरकार स्वयं अपने कानूनों का उल्लंघन करेगी, तो जनता न्याय के लिए कहां जाएगी?

**आदिवासी महिलाओं की व्यथा, बिना मुआवजा दिए तोड़ दिए मकान-**

प्रशासन के तानाशाही व भ्रष्ट रवैए के कारण हमारी बिना सहमति हमारा घर,जंगल, जमीन व आजीविका छिन गई है ओर दिया जा रहा मुआवजा भी बहुत कम है आंदोलन में क्रमिक अनशन पर बैठी छतरपुर कि पुनयने कहा कि उनकी विधवा व यतीम बहु पूजा आदिवासी का पैकेज एवं किसी भी तरह का मुआवजा दिए बिना उसका घर तोड़ दिया है पूना आदिवासी का कहना है कि उनकी बेटी व जमीन का भी मुआवजा नहीं दिया गया ओर प्रशासन उनका घर भी जबरन गिरा दिया। पन्ना जिले की कोनी, बिलहटा, गहदरा, महरा के कई आदिवासी महिलाओं ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि बिना मुआवजा व बिना नोटिस दिए मकान गिरा दिए और जमीन जबरन अधिगृहीत कर ली गई, कई महिलाओं का तो यह तक कहना है कि उन्हें घर का सामान तक नहीं निकालने दिया गया।

**व्यापक जन-समर्थन-**

इस संघर्ष को अब चारों तरफ से समर्थन मिल रहा है। बड़वानी से श्जाग्रत दलित आदिवासी संगठनश के नितिन भाई, गांधी आश्रम की संस्थापक दमयंती बहिन और हरियाणा से वरिष्ठ साहित्यकार अविनाश कुमार सहित कई समाजसेवी आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं।

**क्रमिक भी अनशन जारी-**

अमित भटनागर के आमरण अनशन के साथ सोमरनी आदिवासी, रामकली आदिवासी, हरवाई आदिवासी, पानबाई आदिवासी, कलावती आदिवासी, चम्पा आदिवासी, मझली बहू आदिवासी, अंगी बाई आदिवासी, अगना बाई आदिवासी, आशा आदिवासी, रानी आदिवासी, चंदा आदिवासी, ग्याप्रसाद कोंदर, लक्ष्मण कोंदर, बाबूलाल आदिवासी, हरि आदिवासी और तोरण सिंह आदिवासी सहित कई महिला व पुरुष प्रतिदिन क्रमिक अनशन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक सभी विस्थापित परिवारों को उचित मुआवजा नहीं मिलता और कथित भ्रष्टाचार के मामलों की उच्च-स्तरीय जांच नहीं होती, तब तक यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर सीएचसी देवेंद्रनगर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित की शपथ दिलाई गई

### स्वस्थ परिवार सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की नींव



**देवेन्द्रनगर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवेंद्रनगर में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन के मार्गदर्शन में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों आशा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने सहभागिता कर जनसंख्या स्थिरता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन के महत्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जैन ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या केवल संसाधनों पर दबाव नहीं डालती बल्कि स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार और पर्यावरण पर भी व्यापक प्रभाव डालती है स्वस्थ शिक्षित एवं समृद्ध समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक परिवार को छोटा परिवारदृसुखी परिवार की अवधारणा को अपनाना चाहिए उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के सुरक्षित एवं प्रभावी साधन सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं प्रत्येक दंपति को अपनी आवश्यकता एवं चिकित्सकीय सलाह के अनुसार परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करना चाहिए ताकि माँ और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके तथा परिवार का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। डॉ. जैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि विवाह की उचित आयु का पालन करें बच्चों के जन्म के बीच पर्याप्त अंतर रखें दो बच्चों के बाद स्थायी परिवार नियोजन अपनाने पर विचार करें तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाएँ उन्होंने कहा कि जनसंख्या संतुलन केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही संभव है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को विश्व जनसंख्या दिवस की थीम के अनुरूप जागरूक रहने एवं अपने परिवार तथा समाज में परिवार नियोजन और जिम्मेदार अभिभावकत्व का संदेश फैलाने की शपथ दिलाई गई।

**काम बंद कर सफाई कर्मचारी को हटाने खंड चिकित्सा अधिकारी को दिया आवेदन**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में नर्सिंग स्टॉफ ने की हड़ताल

### सफाई कर्मचारी मनोज वाल्मीकि ने नर्सिंग ऑफिसर सुमन प्रजापति को मारा थप्पड




**पवई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में उस वक्त स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई,जब सभी महिला स्वास्थ्य कर्मी,एएनएम काम बंद करके हड़ताल पर बैठ गई। और सफाई कर्मचारी को को हटाने की मांग करने लगी। मामला बीती रात्रि का है जब सुमन प्रजापति नर्सिंग ऑफिसर ड्यूटी पर तैनात थी, इस दौरान उनके द्वारा एक डिलेवरी कराई गई, और सफाई के लिए सफाई कर्मचारी मनोज वाल्मीकि को बुलाया गया जब वह नहीं आया तो महिला स्वास्थ्य कर्मी ने पास में जाकर आवाज दी तो उसने नर्सिंग ऑफिसर के साथ अभद्रता करते हुए थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना से समस्त महिला स्वास्थ्य कर्मियों में आक्रोश है। उन्होंने शनिवार को काम बंद कर हड़ताल पर बैठते हुए सफाई कर्मचारी को हटाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन सौंपा,इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती और सफाई कर्मचारी को नहीं हटाया जाता, तब तक वह काम पर वापस नहीं जायेगी, उन्होंने कहा कि आए दिन सफाई कर्मचारी इस तरह की अभद्रता करते है, हड़ताल पर जाने की धमकी देते है,जिससे स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ परेशान रहता है। हड़ताल की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई है। जब घटना को लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील सोनी से बात की तो उन्होंने बताया कि महिला स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा आवेदन दिया गया है उनके द्वारा आउटसोर्स कंपनी से सफाई कर्मचारी को हटाने की बात कही। और उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## सेवानिवृत्ति के तीन माह बाद भी छात्रावास अधीक्षक ने नहीं खाली किया शासकीय आवास, जिम्मेदार अब भी बेखबर




**शाहनगर।** अनुसूचित जाति सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास शाहनगर के पूर्व अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्ति के तीन माह बाद भी शासकीय आवास खाली नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। नियमानुसार सेवानिवृत्ति के बाद शासकीय आवास निर्धारित अवधि में खाली किया जाना आवश्यक होता है, लेकिन इसके बावजूद पूर्व अधीक्षक अब भी उसी आवास में रह रहे हैं। जानकारी के अनुसार, छात्रावास के संचालन की जिम्मेदारी विभाग द्वारा अन्य अधीक्षक को सौंप दी गई है। इसके बावजूद पूर्व अधीक्षक का शासकीय परिसर में निवास जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवास पर बाहरी लोगों का लगातार आना-जाना बना रहता है, जिससे छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। मामले में पक्ष जानने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला अधीक्षक जय प्रताप भदौरिया से कई बार दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। अब देखना यह होगा कि विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और शासकीय आवास खाली कराने के लिए कब तक आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

## 181 की शिकायत वापस लेने के दबाव का आरोप, शराब के नशे में सरपंच-सचिव पर अभद्रता का आरोप, कार्रवाई की मांग



**सिमरिया।** सिमरिया में ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव पर 181 की शिकायत वापस लेने के लिए कथित रूप से दबाव बनाने, अभद्र व्यवहार करने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप लगने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। इस घटना को लेकर समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। आरोप है कि पंचायत से संबंधित 181 की शिकायत कटवाने के उद्देश्य से सरपंच और सचिव रात करीब 8 बजे बस स्टैंड क्षेत्र पहुंचे, जहां दुकान खाली कराने के मुद्दे को लेकर विवाद हुआ। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस दौरान दोनों कथित रूप से शराब के नशे में थे तथा उन्होंने अभद्र भाषा और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया, जिससे सरपंच और सचिव जैसे संवैधानिक पदों की गरिमा को ठेस पहुंची। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि पंचायत संबंधी कोई कार्रवाई करनी थी तो नियमानुसार नोटिस या सूचना देकर दिन में की जा सकती थी, लेकिन रात में पहुंचकर धमकाने और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाना अनुचित है। घटना का एक वीडियो भी सामने आने का दावा किया गया है, जिसमें कथित रूप से धूम्रपान करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग दिखाई देने की बात कही जा रही है। मामले को लेकर करणी सेना के पदाधिकारियों ने थाना पहुंचकर सरपंच और सचिव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा सचिव को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो समाज द्वारा बाजार बंद कर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान करणी सेना के जिला अध्यक्ष शनी राजा, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र प्रताप सिंह (राजू राजा), समाजसेवी पवन तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जेके सीमेंट और जेके ट्रस्ट की बड़ी पहल, 3000 किसानों को मिला मुफ्त चारा बीज और पशु चिकित्सा शिविर का लाभ



**अमानगंज।** ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संकल्प के साथ जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर (सीएसआर) और जेके ट्रस्ट ने सामाजिक सरोकार की एक अनूठी मिसाल पेश की है। पन्ना के ग्राम पुरैना सहित विशाल ग्रामीण अंचल में आयोजित शिनःशुल्क पशु चिकित्सा शिविरश और श्मुफ्त चारा बीज वितरण कार्यक्रमश में किसानों और पशुपालकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस महा-अभियान के जरिए क्षेत्र के 3000 से अधिक अन्नदाताओं और पशुपालकों को सीधा लाभ पहुँचाया गया है। 25 से अधिक गांवों में चला महा-अभियान, सरपंचों ने जताया आभार जेके ट्रस्ट के विभिन्न सेंटरों के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गांवों की ऐतिहासिक भागीदारी देखने को मिली। इस मुहिम के तहत पुरैना, रेकरा, दनवारा, कोनी, सुनवानी, मधपुरा, करिया, कुंवरपुर, सिमराखुर्द, सिमरिया गुलाब सिंह, पडेरी, पटोरी, देवरी सरकार, तारा, कमताना, दिघौरा, दुरोहा, बेली, महेवा, चिकलहाई, हरद्वाही, धरमपुरा, लुहरगांव, पडरिया, झरकुआ, झांझर और नारायणपुरा सहित कई गांवों के पशुपालक लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम सरपंचों और गणमान्य नागरिकों ने भी मौजूद रहकर जेके सीमेंट के इस सराहनीय प्रयास की जमकर प्रशंसा की। 30 सेंटरों से 300 गांवों तक पहुँचेगा खुशहाली का संदेश जेके सीमेंट न केवल औद्योगिक विकास बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पशुपालन को मजबूत करने के मिशन पर काम कर रहा है। जेके ट्रस्ट के माध्यम से संचालित 30 सेंटरों के जरिए आज यह मुहिम 300 गांवों तक अपनी पहुंच बना चुकी है। मिशन उन्नत नस्ल, बेहतर रोजगार संस्था का सबसे बड़ा फोकस कृत्रिम गर्भाधान तकनीक पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च नस्ल के दुधारू पशुओं की संख्या बढ़ाकर किसानों की दूध से होने वाली कमाई को दोगुना करने और युवाओं के लिए गांव में ही रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। मुफ्त इलाज और उन्नत बीजरू पशुपालकों को मिली बड़ी संजीवनी शिविर के दौरान जहाँ एक ओर पशुओं की गंभीर बीमारियों की जांच कर मुफ्त दवाइयां बांटी गईं, वहीं दूसरी ओर पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले मुफ्त चारा बीज वितरित किए गए।

**ग्रामीणों ने जताया आभार-**

अक्सर सही जानकारी, डॉक्टरों और उन्नत साधनों के अभाव में हमें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन जेके सीमेंट और जेके ट्रस्ट ने हमारे गांव और घर तक डॉक्टरों की टीम और उन्नत बीजों की सुविधा पहुंचाकर हमारी सबसे बड़ी चिंता दूर कर दी है। यह भव्य आयोजन साबित करता है कि जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर, ज़मीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने और किसानों के जीवन में समृद्धि का नया सवेरा लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**खबर संक्षेप**



## न्याय पथ अभियान के तहत हरिओम शुक्ला हत्याकांड का फरार वारंटी गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2024 के चर्चित हरिओम शुक्ला हत्याकांड में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार, हरिओम शुक्ला हत्याकांड प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी अजय राय पिता काशीराम राय, निवासी ग्राम देरी, थाना ओरछा रोड को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में की गई। अभियान में प्रधान आरक्षक हरदीन, शैलेंद्र सिंह सेंगर तथा आरक्षक नरेश सिंह, शिवप्रताप, दीपचंद सहित पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## मासूम बालक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**छतरपुर।** मासूम बालक पर चाकुओं से हमला कर उसकी हत्या का प्रयास करने के मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) छतरपुर ने आरोपी अरबाज खान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत कुल 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन की प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया।

अभियोजन के अनुसार 15 मार्च 2024 की शाम करीब 6:30 बजे समर अहिरवार अपनी शिक्षिका बुआ सुमन अहिरवार के अनगढ़ टौरिया स्थित घर में अकेला था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला आरोपी अरबाज खान पुरानी रंजिश के चलते घर में घुस गया और जान से मारने की नीयत से समर के पेट, सीने और सिर पर कई चाकू से वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल बालक को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया।घटना की सूचना पर अरुण कुमार अहिरवार ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर थाना सिविल लाइन में भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 450 एवं एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की विवेचना उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा ने की तथा जांच पूरी होने के बाद विशेष न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया।सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक प्रवेश अहिरवार ने अभियोजन की ओर से महत्वपूर्ण साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए। न्यायालय ने आरोपी को एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(अ) के तहत आजीवन कारावास एवं 15 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 307 के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 450 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय के इस फैसले को गंभीर अपराधों के विरुद्ध सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# पार्टी बनी मौत का बुलावा! युवक की हत्या के बाद जंगल में दफनाया शव, परिजनों ने किया चक्काजाम




**छतरपुर।** जिले के सटई थाना क्षेत्र के सिंगरामपुरा गांव में 22 वर्षीय प्रेमलाल रैकवार की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जानकारी के अनुसार, प्रेमलाल रैकवार की शादी करीब 2 माह पहले ही हुई थी। परिजनो का आरोप है कि पत्नी ने प्रेमलाल को पार्टी के बहाने अपने गांव बुलाया था। इसके बाद वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा, जिससे परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान सबसे पहले प्रेमलाल की लावारिस बाइक बरामद हुई। इसके बाद अमरोनिया गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर जंगल क्षेत्र में एक नाले के पास जमीन में दबी हुई प्रेमलाल की लाश मिली। शव बरामद होने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की बहन रामकली रैकवार ने आरोप लगाया है कि प्रेमलाल की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

परिजनो का कहना है कि पुलिस पूंछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर जाम समाप्त कराया। सटई थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है। वहीं अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद तथ्य सामने आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार पिकअप पलटी, बारात की खुशियां मातम में बदली, 2 की मौत



**नौगांव।** शुक्रवार रात करीब 9 बजे नौगांव के समीप पीएम श्री कॉलेज के पास बारातियों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 14 लोग घायल हो गए। इनमें से चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं।

जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ जिले के ग्राम बिदारी से बारात उत्तर प्रदेश के अतर्रा जा रही थी। पिकअप वाहन क्रमांक क्क 94 रज्ञ 3394 में करीब 20 बाराती सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन तेज रफ्तार से चल रहा था और चालक के शराब के नशे में होने की भी आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक लगाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क की दूसरी दिशा में जा गिरा।

दुर्घटना में किशोरी अहिरवार 48 वर्ष और नितिन अहिरवार 17 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूल्हे के पिता नंदलाल अहिरवार, संतोष, चेचे और भजनलाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अन्य घायलों का उपचार नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ड्यूटी डॉक्टर डॉ. नितीश गुप्ता ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी थी। अस्पताल में लगभग 14 घायलों को लाया गया, जिनमें 10 का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया, जबकि चार गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

# झूठी छेड़छाड़ की शिकायत बताकर ग्रामीणों संग एसपी कार्यालय पहुंचे विनोद द्विवेदी, निष्पक्ष जांच की मांग



**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया निवासी विनोद कुमार द्विवेदी ग्रामीणों एवं अहिरवार समाज के लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपने विरुद्ध दर्ज कराई गई छेड़छाड़ की शिकायत को झूठा एवं निराधार बताया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की।

आवेदन में विनोद द्विवेदी ने बताया कि शिकायतकर्ता शांति अहिरवार का अपने रिश्तेदारों के साथ लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि गांव का जिम्मेदार एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति होने के नाते उन्होंने केवल दोनों पक्षों को समझाइश देने का प्रयास किया था। इसी कारण शिकायतकर्ता उन्हें विरोधी पक्ष का समर्थक मानने लगी।

विनोद द्विवेदी का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते उनके खिलाफ छेड़छाड़ की झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच कराई जाए तो सच्चाई स्वतः सामने आ जाएगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# भारत विकास परिषद ने निर्वाणा फाउंडेशन में बच्चों के साथ मनाया 64 वाँ स्थानापना दिवस




**छतरपुर। भारत विकास परिषद शाखा छतरपुर ने अपना 64 वाँ स्थापना दिवस करुणा एवं मानवता को समर्पित निर्वाणा फाउंडेशन में बच्चों के बीच गरिमा के साथ मनाया।भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दिव्यांग बालक बालिकाओं को स्टेशनरी सामग्री वात्सल्य के साथ भेंट की गई एवं उन्हें शुभकामनाएं दी।**

भारत विकास परिषद् के प्रांतीय सचिव आलोक टिकरया के साथ शाखा अध्यक्ष अनुपम टिकरया, सचिव उमेश लालवानी, कोषाध्यक्ष पूरनलाल गुप्ता, डॉ सुमति प्रकाश जैन, रामकुमार गुप्ता, अभिषेक राय, महेश बजरंगगढ़ी, रघुनाथ शर्मा, श्रीकांत चौरसिया, जयकुमार गुप्ता, राकेश खरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्वाणा फाउंडेशन के संस्थापक संजय सिंह एवं अपराजिता सिंह ने देश के कोने कोने से आए दिव्यांग बच्चों का परिचय देते हुए उनकी कला, पढ़ाई, रुचि, दिनचर्या, देखभाल आदि की जानकारी विस्तार से दी। भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों को संजय ने ब्रेल लिपि की विस्तृत जानकारी देते हुए दिव्यांग बच्चों की कॉपियां, स्लेट, कलम, उनकी बनाई पेंटिंग्स, कलाकृतियाँ, हस्तशिल्प आदि का भी अवलोकन कराया। इस अवसर पर नेत्र ज्योति से वंचित संगीताचार्य माधव और संगीत में दक्ष दिव्यांग बच्चों ने बुन्देली गान, शास्त्रीय गान तथा अनेक वंदना बहुत ही मोहक स्वर में सुना कर सभी का मन मोह लिया। परिषद के सदस्य डा.सुमति प्रकाश जैन के मुताबिक राष्ट्रीय विचारधारा वाला भारत विकास परिषद अपने उद्देश्य वाक्य संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण को केंद्र में रख कर सेवा कार्य करता है। निर्वाणा फाउंडेशन के संस्थापक संजय सिंह ने बताया कि वे इस फाउंडेशन के संचालन के लिए शासन से कोई सहायता नहीं लेते है। यहां रहने वाले दिव्यांग बच्चों को नगर के अच्छे स्कूल में नियमित रूप से पढने भेजा जाता है। आश्रम में न केवल बच्चे रहते हैं, वरन भूली भटकी और बेसहारा बुजुर्ग महिलाएं भी रहती हैं। आश्रम में रहने वाले सभी छोटे बड़े बच्चे और बुजुर्ग एक परिवार की तरह घनिष्ठ प्रेम के साथ रहते हैं।

# युवक का जंगल में मिला था खून से लथपथ शव, नव विवाहिता पत्नी पर हत्या का शक; परिजनों ने किया



**सटई।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम सिगरामपुरा में दो दिन से लापता 22 वर्षीय युवक मनीराम रैकवार का खून से लथपथ शव जंगल स्थित बरगा हार नाले से बरामद होने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक की पहले गला घोंटकर हत्या की गई और बाद में पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को नाले में फेंककर पत्थरों से ढक दिया गया। पुलिस ने मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ ने बताया कि 9-10 तारीख की दरमियानी रात मनीराम रैकवार के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार शाम सूचना मिली कि बरगा हार नाले में एक अज्ञात शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त मनीराम रैकवार के रूप में की। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका व्यक्त की गई है।

घटना के बाद शनिवार सुबह परिजनों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सहित विभिन्न मांगों को लेकर पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और सटई बस स्टैंड पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में नायब तहसीलदार इन्द्र कुमार गौतम एवं थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ ने समझाइश देकर परिजनों को शांत कराया। प्रशासन द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिए जाने के बाद जाम समाप्त हुआ।

मृतक के चाचा जमुना रैकवार ने अपने भतीजे की हत्या का संदेह उसकी पत्नी पर जताया है। उन्होंने बताया कि मनीराम परिवार का इकलौता वारिस था और मात्र दो माह पूर्व उसका विवाह पलकौहा निवासी रोशनी से हुआ था। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सभी पहलुओं पर निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

सटई बीएमओ डॉ. महेश त्रिवेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ है कि मृतक की पहले गला घोंटकर हत्या की गई। इसके अलावा गले पर किसी नुकीली वस्तु से तीन वार किए जाने के निशान भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ ने बताया कि पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है और हत्या के कारणों सहित पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच की जा रही है। मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमओ ने ठेकेदारों को लगाई कड़ी फटकार, नोटिस जारी



**राजनगर।** कलेक्टर द्वारा नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर परिषद राजनगर अंतर्गत अमृत 2.0 योजना के तहत संचालित मधुबन वाटिका एवं धानेरा तालाब के निर्माण कार्यों की प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं पाए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निर्देशों के पालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनंत श्रीवास्तव द्वारा दोनों निर्माण एजेंसियों के ठेकेदारों को तत्काल नगर परिषद कार्यालय में तलब किया गया। बैठक के दौरान उन्हें कार्यों में हो रही अनावश्यक देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी गई कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अनुबंध की शर्तों के अनुसार देय राशि में कटौती सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

इसके साथ ही दोनों निर्माण एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। तत्पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री आनंद श्रीवास्तव ने उपयंत्री श्री श्रीकांत खरे के साथ मधुबन वाटिका एवं धानेरा तालाब का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की वास्तविक प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदारों एवं तकनीकी अमले को कार्य की गति तत्काल बढ़ाने, पर्याप्त संसाधन एवं श्रमिक उपलब्ध कराने तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना नगर परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# दरवाजे पर कुत्ते को शौच कराने से रोकने पर महिला सहित परिवार से मारपीट, मामला दर्ज



**ईशानगर। ईशानगर थाना क्षेत्र की हरिजन बस्ती में दरवाजे के सामने कुत्ते को शौच कराने से रोकने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला सहित उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार, पीड़िता कुसुम अहिरवार ने ईशानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसने अपने घर के सामने कुत्ते को शौच कराने से मना किया था। इसी बात से नाराज होकर करण, आकाश, बॉबी और रामसेवक अहिरवार ने विवाद करते हुए उसके साथ, उसके पति किशनलाल तथा बेटी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट की घटना में कुसुम अहिरवार के बाएं हाथ के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद पीड़ित परिवार थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**छतरपुर जिले में महिला की लाठियों से पीटकर हत्या**

# डायल-112 के सामने भी मारते रहे दबंग, मौत से पहले पुलिस ने 1 घंटे तक थाने में बैठाया

**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र स्थित कुम्हार टोली में शनिवार को तीन महीने पुराने प्रेम प्रसंग के विवाद ने खूनी और हिंसक रूप ले लिया। पुरानी रंजिश और बदले की भावना से भरे एक पक्ष ने घर में मौजूद 55 वर्षीय महिला हरकुंवर प्रजापति पर लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस वारदात के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और तनाव को देखते हुए जिला अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। रविवार को मृतका का पोस्टमार्टम (पीएम) कराया जाएगा।

### बारिश का पानी निकालने गई थी महिला, तब हुआ हमला

मृतका के बेटे राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि शनिवार को तेज बारिश के कारण उनकी मां हरकुंवर प्रजापति घर में भरा पानी बाहर निकालने गई थीं। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर बद्री प्रजापति, सोनू, सचिन, कोमल प्रजापति, रोशनी प्रजापति, विमला, कल्लू और रोहणी सहित अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर वहां आ धमके और मां पर टूट पड़े।



राजेंद्र का आरोप है कि घटना के दौरान सूचना पर डायल-112 पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन दुस्साहसी आरोपियों ने पुलिस के सामने भी मारपीट जारी रखी। जब राजेंद्र ने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बर्बरता से मारपीट की।

### विवाद की जड़: तीन महीने पुराना प्रेम प्रसंग

परिजनों के अनुसार, इस पूरे खूनी खेल की पटकथा करीब तीन महीने पहले लिखी गई थी। मृतका का छोटा बेटा पवन प्रजापति और आरोपी कोमल प्रजापति की बेटी मोहिनी प्रजापति बीती 25 अप्रैल को प्रेम प्रसंग के चलते अचानक घर से चले गए थे। दोनों के लापता होने के बाद से लड़की पक्ष लगातार लड़के के परिवार पर दबाव बना रहा था और पूछताछ कर रहा था। लड़के के परिजनों का कहना था कि उन्हें दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इसी संदेह और रंजिश के चलते आरोपियों ने हरकुंवर प्रजापति को निशाना बनाया और उनकी जान ले ली। इस दुखद घटना में पुलिस की संवेदनहीनता भी सामने आई है। परिजनों का आरोप है कि घायल हरकुंवर को पहले नौगांव सिविल अस्पताल ले जाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उन्हें थाने बुला लिया। मृतका की हालत बेहद गंभीर थी, इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें करीब एक घंटे तक थाने में बैठाए रखा। जब महिला की हालत लगातार बिगडने लगी, तब जाकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों में पुलिस की इस लेटलतीफी को लेकर भारी आक्रोश है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# ललपुर प्राथमिक शाला में पालक-शिक्षक बैठक, शिक्षा व्यवस्था सुधारने को उठीं अहम मांग



**राजनगर।** राजनगर विकासखंड के ग्राम ललपुर स्थित प्राथमिक शाला में पालक-शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को लेकर अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और शिक्षकों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं मांगें रखीं। बैठक में राजनगर संकुल के बीआरसी अतुल चतुर्वेदी, पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष तरन्नुम मोहम्मद इमरान, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सदस्य अखिलेश अवस्थी, लोकेन्द्र राजा, अनिल जैन, बाबू अवस्थी, प्रजापति, अंजलि यादव, गोविंद यादव, विद्यालय की शिक्षिकाएं तथा मध्यान्ह भोजन समूह संचालक मंजू तिवारी भी शामिल रहीं। इस दौरान विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों ने विद्यालय में मिलने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में सुधार, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा लंबे समय से छतरपुर में अटैच एक शिक्षक को तत्काल मूल पदस्थापना स्थल प्राथमिक शाला ललपुर में पदस्थ करने की मांग उठाई, ताकि विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित न हो। इसके अलावा विद्यालय के आय-व्यय का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक करने, परिसर में पड़े कबाड़ एवं अनुपयोगी तथा खराब हो चुकी पुस्तकों का नियमानुसार निष्पादन करने, विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निर्माण जनपद पंचायत के माध्यम से कराने तथा जर्जर रसोईघर की मरम्मत कराने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीआरसी अतुल चतुर्वेदी ने कहा कि पालकों एवं समिति द्वारा रखे गए सभी सुझावों और मांगों को गंभीरता से संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रयास किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने विश्वास जताया कि विद्यालय की मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान होने से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

# महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**छतरपुर। नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा सिद्धपीठ माँ महालक्ष्मी मंदिर में 12 जुलाई, रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण एवं चश्मा भी प्रदान किया जाएगा। परीक्षण के बाद मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर उसी दिन शिविर के बाद ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। ऑपरेशन निःशुल्क एवं सशुल्क दोनों प्रकार से उपलब्ध रहेंगे। मरीजों के आने-जाने, भोजन एवं ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था भी रहेगी। अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अपील की है कि सभी नेत्र रोगी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ उठाएं। शिविर में आते समय आधार कार्ड या उसकी फोटो कॉपी साथ लाना अनिवार्य है।

# शहर में बारिश से पहले सड़कें खोदकर छोड़ीं अब जलभराव

## जाम से जनता बेहाल, बारिश में खुली अधूरे निर्माण कार्यों की पोल





रीवा। शहर में बारिश की शुरुआत के साथ ही अधूरे सड़क निर्माण और सीवर लाइन परियोजना की लापरवाही आम लोगों के लिए गों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। जिन सड़कों को बारिश से पहले खोदा गया था, उनका निर्माण समय पर पूरा नहीं हो सका। परिणामस्वरूप कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव, कीचड़ और आवागमन में बाधा की स्थिति बन गई है। लोग रोजाना जाम, लंबे वैकल्पिक मार्गो और दुर्घटना के खतरे के बीच सफर करने को मजबूर हैं। नागरिकों का सवाल है कि जब निर्माण एजेसियां तय समय में कार्य पूरा नहीं कर सकती थीं, तो आखिर मानसून से ठीक पहले सड़कों की खुदाई क्यों की गई। शहर में सीवर लाइन परियोजना के तहत पिछले कुछ महीनों से कई प्रमुख सड़कों पर खुदाई का कार्य किया गया। हालांकि बरसात शुरू होने से पहले अधिकांश स्थानों पर न तो सड़कों की समुचित मरम्मत की गई और न ही निर्माण कार्य पूरा किया गया। जहां गड्ढों को भरने की औपचारिकता की गई, वहां पहली ही बारिश में सड़कें दोबारा उखड़ गईं। इससे वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह गुढ़ चौराहा से चिरहुला मंदिर की ओरपेट्रोल पंप तक जाने वाला मार्ग भी वर्षों से बदहाली का शिकार है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क लगभग हर वर्ष बनाई जाती है, लेकिन कुछ ही समय बाद फिर टूट जाती है। इसका मुख्य कारण जल निकासी की समुचित व्यवस्था का अभाव है। बारिश का पानी लंबे समय तक सड़क पर जमा रहने से डामर की परत उखड़ जाती है और सड़क दोबारा खराब हो जाती है। क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से इस मार्ग को ऊंचा उठाकर सीमेंट-कंक्रीट सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। शहर के अन्य हिस्सों में भी सीवर लाइन और अन्य निर्माण कार्यों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। कई स्थानों पर निर्माण सामग्री सड़क किनारे पड़ी हुई है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। बारिश के दौरान कीचड़ और फिसलन के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। नागरिकों का कहना है कि अधूरे निर्माण कार्यों की कीमत आम जनता चुका रही है, जबकि संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जिन मार्गों पर निर्माण कार्य अधूरा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके। नागरिकों का यह भी कहना है कि भविष्य में किसी भी सड़क की खुदाई मानसून से ठीक पहले तभी की जाए, जब उसके समयबद्ध निर्माण और गुणवत्ता की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित हो। अन्यथा हर वर्ष बारिश के मौसम में शहर की सड़कें लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती रहेंगी।

### पीटीएस चौराहा से द्वारिका नगर बना तलैया

सबसे अधिक प्रभावित मागों में पीटीएस चौराहा से द्वारिका नगर होते हुए पीके स्कूल तक जाने वाला मार्ग शामिल है। यह सड़क पिछले लगभग 20 दिनों से खुदी हुई है। निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित है। बारिश के बाद सड़क पर पानी भर जाने से यह किसी तालाब जैसी दिखाई देने लगी है। स्थानीय रहवासियों को अपने घरों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है, जबकि स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है

# सेमरिया में सख्त पुलिसिंग की शुरुआतः थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने संभाला पदभार, मेडिकल नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस




सेमरिया। सेमरिया थाना में नवागत थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने पदभार ग्रहण करते ही कानून व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी और इसके लिए प्रभावी रणनीति के तहत कार्यवाई की जाएगी उन्होंने विशेष रूप से सेमरिया क्षेत्र में बढ़ रहे मेडिकल नशे के कारोबार पर चिंता जताई और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की कि जहां भी इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी मिले तत्काल पुलिस को सूचित करें उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी शिवा अग्रवाल ने कहा कि मेडिकल नशे के छोटे सप्लायर से लेकर बड़े तस्करों तक किसी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया और कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और सुचारू यातायात सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है बेहतर पुलिसिंग के जरिए कानून व्यवस्था को मजबूत किया नवागत थाना प्रभारी के सख्त तेवरों से यह साफ है कि सेमरिया क्षेत्र में अब अपराध और नशे के खिलाफ अभियान और तेज होगा।

### सेमरिया तहसील में तहसीलदार का एक पद रिक्त, एक अधिकारी के भरोसे दो सर्किल

### रिक्त पद पर अधिकारी की नियुक्ति होने से राजस्व प्रकरणों के निस्तारण में आएगी तेजी

रीवा। सेमरिया तहसील में तहसीलदार का एक पद लंबे समय से रिक्त होने के कारण राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान में तहसील में केवल एक तहसीलदार पदस्थ हैं, जिन पर दोनों राजस्व सर्किलों की जिम्मेदारी है। इससे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अतिरिक्त कार्यभार का दबाव बना हुआ है। सेमरिया तहसील के अंतर्गत सेमरिया और शाहपुर दो राजस्व सर्किल आते हैं। इन दोनों सर्किलों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए तहसील कार्यालय पहुंचते हैं। ऐसे में एक ही अधिकारी के माध्यम से सभी प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर तय हो जवाबदेही : अजय खरे

## मप्र में सालभर में 50000 से भी अधिक हताहत

रीवा । सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण नहीं हो पाना गंभीर चिंता का विषय है। रीवा जिला में भी सड़कें आएदिन रक्तरंजित हो रही हैं। मध्यप्रदेश में सन 2024 के मुक़ाबले सन 2025 में सड़क दुघर्टनाओं का आंकड़ा 17 प्रतिशत बढ़ गया। सड़क हादसों से बड़े पैमाने पर हो रही जन धन हानि भारी चिंता के साथ कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि पीटीआरआई के आंकड़ों के मुताबिक अच्छी और सीधी सड़कों पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं। 80% दुर्घटनाओं की वजह वाहनों की तेज रफ्तार है। मप्र पुलिस ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में कुल 58183 सड़क दुर्घटनाओं में 15976 लोगों की मौतें दर्ज हुई हैं। सड़क दुर्घटनाओं में 18 से 35 वर्ष के युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। वाहन चालकों के नशे की हालत, मोबाइल पर बात , सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग नहीं करने से भी दुर्घटना मामले बढ़ जाते हैं। श्री खरे ने बताया कि बहुत से मामले पुलिस थाने तक नहीं पहुंच पाते हैं। कुछ मामलों में लोग पुलिस थाना का चक्कर लगाने के बजाय आपसी समझौता कर लेते हैं। यह मामले दर्ज नहीं हो पाते हैं। ऐसे मामले भी हैं जिसमें दुर्घटना करने वाले वाहनों का पता नहीं चल पाता है। यह संख्या भी कम नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सड़के अच्छी और सूनसान है वहां तेज रफ्तार के वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि देखने में आ रही है।लोकतंत्र सेनानी श्री खरे ने कहा कि यह भारी विड़म्बना कि सड़क दुर्घटनाएं अत्यंत संवेदनशील मामला होते हुए भी राष्ट्रीय चिंता का विषय नहीं बन पाई हैं। बड़ी दुर्घटनाओं पर सरकार के द्वारा शोक व्यक्त करने और मुआवजा देने के बाद उसे भुला दिया जाता है। देश भर में सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष लाखों लोग मरते हैं। इससे अधिक संख्या में लोग घायल होते हैं। इनमें से गंभीर रूप से घायल बहुत से लोगों का जीवन उपचार होने पर बच जाता है लेकिन वे शारीरिक रूप से आजीवन असमर्थ रहते हैं। इन सड़क हादसों के चलते कई लाख परिवारों में अपने लोगों को हमेशा के लिए खो देने या फिर शारीरिक रूप से असमर्थ होने का दुख बना रहता है वहीं ऐसे परिवार आर्थिक रूप से बुरी तरह टूट जाते हैं। श्री खरे ने कहा कि विकास के नाम पर अच्छी सड़कों का दावा बढ़ चढ़कर किया जाता है वहीं सड़क दुर्घटनाओं को महज़ त्रासदी के रूप में देखा है। अच्छी सड़कों से आवागमन सुचारू रूप से होता है। यात्रा में समय की बचत भी होती है। यातायात नियमों के मापदंडों को कभी भी नज़र अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। पहले सड़क दुर्घटनाओं से सावधान करने के लिए बड़े बड़े संकेतक बोर्ड लगाए जाते थे। दुर्घटना से देर भली , धीमें चलें, सावधान अंधा मोड़, रास्ता संकरा, स्कूल है, पानी होने पर पुलिया पार नहीं करें आदि बातें लिखी होती थीं।

### मजदूरी मांगने पर दो सगे भाइयों पर हमला, लाठी-डंडों से पीटकर फोड़ा

रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में मजदूरी का बकाया भुगतान मांगना दो सगे भाइयों को महंगा पड़ गया। पेंटिंग का कार्य पूरा करने के बाद मेहनताना लेने पहुंचे दोनों भाइयों पर कथित तौर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में दोनों भाई सिटी कोतवाली पहुंचे, जहां उनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना शनिवार सुबह सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के निपनिया मोहल्ले की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार घायल जितेंद्र कुशवाहा और उनके भाई धर्मेंद्र कुशवाहा पेशे से पेंटर हैं। दोनों भाइयों ने निपनिया निवासी राजेश यादव और सुंदर यादव के घर में पेंटिंग का कार्य किया था। काम पूरा होने के बाद उनकी मजदूरी का कुछ भुगतान शेष था। पीड़ित जितेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शनिवार सुबह वह अपने भाई के साथ बकाया मजदूरी लेने संबंधित लोगों के घर पहुंचे थे। आरोप है कि पैसे मांगने पर विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान जितेंद्र पर पहले हमला किया गया। छोटे भाई को बचाने पहुंचे धर्मेंद्र कुशवाहा पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे दोनों के सिर फट गए और वे घायल हो गए।बघटना के बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों भाइयों को वहां से निकाला। इसके बाद घायल सीधे सिटी कोतवाली थाना पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजते हुए उनकी शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। घटनास्थल और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### शासकीय विद्यालय में 'पुण्योदय प्रकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया



रीवा । शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव रीवा मे जन शिक्षा केंद्र प्रभारी राजकुमार सिंह के निर्देशन में शासकीय विद्यालय मैहराटोला रीठी रीवा में'पुण्योदय प्रकल्प' कार्यक्रम के तहत बाल सभा का आयोजन किया गया, जन शिक्षक रामकृष्ण द्विवेदी एवं विशाल शुक्ला ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के महत्व के बारे में संवाद किया गया, विद्यार्थियों को इस अवसर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों को नोटबुक्स वितरित कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के कार्यक्रम में प्रभारी श्रीमती रेनू वर्मा बच्चो के अभिभावक एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुनगे के पौधे रोपित

# नलजल योजनाओं के निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करें - सांसद



रीवा । सांसद जनार्दन मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा समिति की बैठक में कहा कि समूह नलजल योजनाओं की प्रगति ठीक नहीं है। पाइपलाइन बिछाने, घरों में कनेक्शन देने, टंकियों के निर्माण तथा अन्य सभी कार्यों में कई बार निर्देश देने के बावजूद ठेकेदार लापरवाही बरत रहे हैं। नलजल योजनाओं के निर्माण में लापरवाही और देरी करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करें। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हर घर को नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करें। जल जीवन मिशन देश की सबसे बड़ी ग्रामीण विकास की योजना है। इसके कार्यों की सतत निगरानी कराएं। कंदैला नलजल योजना, रीवा बाणसागर तथा टमस बाणसागर समूह नलजल योजना के कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं है। संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी इस महत्वाकांक्षी योजना पर विशेष ध्यान दें। सांसद ने कहा कि हर घर सूर्य ऊर्जा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सभी शासकीय भवनों में उपयुक्त पाए जाने पर सोलर पैनल लगाकर अक्षय ऊर्जा स्रोत बनाएं। किसानों और जनप्रतिनिधियों को भी इस योजना से लाभान्वित कराएं। सभी जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दें। अभी केवल 3680 घरों में ही सोलर पैनल लगाए गए हैं। इस काम पर भी विशेष ध्यान दें। फीडर सेपरेशन की आरडीएसएस योजना में 6 सब स्टेशन का निर्माण पूरा हो गया है। संबंधित निर्माण एजेंसी मजदूरों की संख्या बढ़ाकर फीडर सेपरेशन का कार्य भी तेजी से पूरा कराए। एजेंसी द्वारा समय सीमा पूरा होने के बावजूद कार्य पूरा न करना उसकी लापरवाही दर्शाता है। अधीक्षण यंत्री कार्यों की मानीटरिंग करें तथा समय सीमा पर कार्य पूरा कराएं। बिजली की क्षतिग्रस्त केबिल बदलने के लिए भी तत्काल केबिल खरीदकर सुधार कराएं।बैठक में सांसद ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन कराकर उनकी नियमित जाँच कराएं। एनिमिक महिलाओं का प्रोटोकाल के अनुसार समुचित उपचार कराएं। हायर सेकण्डरी स्कूल और कालेजों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर छात्राओं के स्वास्थ्य की जाँच करें। उनमें एनिमिक छात्राओं को समुचित दवाएं दें तथा सुरक्षित मातृत्व के संबंध में जागरूक करें। लापरवाह आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करें। विद्यार्थियों और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए हर स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्र में मुनगे के कम से कम पाँच पौधे रोपित कराएं। मुनगे के उपयोग से कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण होगा। बैठक में सांसद ने जर्जर शाला भवन नष्ट कराने, अधूरे आवास पूरा कराने तथा अटल टिकरिंग लैब वाले स्कूलों की सूची देने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सभी स्कूलों में साफ सुथरे शौचालय की व्यवस्था करें तथा इनका नियमित उपयोग और साफ-सफाई कराएं। बैठक में विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने नलजल योजनाओं, बिजली की व्यवस्था, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए। विधायक प्रतिनिधि रीवा श्री विवेक दुबे ने सूर्यघर योजना के प्रचार-प्रसार, समूह नलजल योजना से घरों में कनेक्शन देने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल गांवों की सूची देने का सुझाव दिया। बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं की प्रगति की पूरी जानकारी के साथ बैठक में आएं। शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं तथा जनप्रतिनिधियों के सुझावों को अमल मे लाते हुए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी को बैठक में सही जानकारी न देने पर नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला खनिज मद के प्रस्तावों में प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में समिति के सदस्य राम सिंह, महाबली गौतम, विकास तिवारी जनपद अध्यक्ष गंगेव, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, एसडीओ वन हितेश खण्डेलवाल, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 97.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा । रीवा जिले में 11 जुलाई को 9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 97.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि में तहसील हुजूर में 119.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 103.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 209 मिलीमीटर, सिरमौर में 74.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 20 मिलीमीटर, सेमरिया में 123 मिलीमीटर, मनगवां में 49 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 84 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में 189.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### खाद-बीज संकट ,बिजली कटौती और जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



मऊगंज। खरीफ सीजन में किसानों को खाद एवं बीज की कमी, लगातार बिजली कटौती, आदिवासी परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने तथा नगरीय क्षेत्रों में जलभराव जैसी समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मऊगंज ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिलाल कोल के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को अवगत कराया कि जिले के किसान खाद और गुणवत्तापूर्ण बीज की अनुपलब्धता से परेशान हैं। समय पर उर्वरक और बीज नहीं मिलने से खरीफ फसलों की बोवनी प्रभावित हो रही है, जिससे कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण किसानों को सिंचाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा आदिवासी परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने, नगर क्षेत्र में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों के निराकरण की भी मांग की गई।पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह ॰बन्ना॰ ने कहा कि किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी जनहित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।इस अवसर पर पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह ॰बन्ना॰, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल कोल, उमाकांत पटेल, नरेंद्र सिंह, विश्वनाथ मिश्रा, शेख मुख्तार सिद्दीकी, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, हिंचलाल पटेल, सेवा दल अध्यक्ष राजमणि पटेल, नगर निकाय अध्यक्ष मधुकर पांडेय, अनिल तिवारी, बिप्पू तिवारी, रोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक और दो रुपए के सिक्के नहीं लेने वाले पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी - कलेक्टर



मऊगंज। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी वैध सिक्कों को बिना उचित कारण स्वीकार करने से इंकार करना तथा उनके संबंध में भ्रामक अफवाह फैलाना जनहित के प्रतिकूल है। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा है कि एक और दो रुपए के सिक्के पूरी तरह प्रचलन में हैं। इन्हें सभी को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों, व्यापारियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, परिवहन संचालकों, सेवा प्रदाताओं एवं बैंक शाखाओं से अपील की है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक एवं दो रुपए के सिक्के पूर्णतः वैध मुद्रा है तथा पूरे देश में विधिवत प्रचलन में हैं। इन सिक्कों को स्वीकार करने में किसी भी प्रकार की हिचकिचाहट न रखें। इन सिक्कों स्वीकार न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने निभाया अपना वादा, कन्या शिक्षा परिसर गड़ेरिया में खेल सुविधाओं का शुभारंभ



सिंगरौली। जिले की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर गौरव बैनल ने अपने पूर्व निरीक्षण के दौरान कन्या शिक्षा परिसर गड़ेरिया की छात्राओं से सीधा संवाद किया था। उस समय छात्राओं ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त सुविधाओं के अभाव की जानकारी देते हुए बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट एवं पिकलबॉल कोर्ट की मांग रखी थी। छात्राओं की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर गौरव बैनल ने खेल सुविधाओं का शीघ्र निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा था कि शिक्षा के साथ खेल भी व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार है और छात्राओं को दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए।

रिकॉर्ड समय में पूर्ण हुआ निर्माण कार्य कलेक्टर के कुशल निर्देशन में एवं बिरला हिंडालको के सौजन्य से सतत मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप कन्या शिक्षा परिसर गड़ेरिया में बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट एवं पिकलबॉल कोर्ट का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। आज इन खेल सुविधाओं का विधिवत शुभारंभ देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, कलेक्टर गौरव बैनल और हिंडालको कम्पनी इकाई प्रमुख लीनू पंचमन की गरिमामय उपस्थिति में छात्राओं द्वारा ही किया गया। शुभारंभ के इस विशेष मौके पर ही सभी कोर्ट के लिए आवश्यक खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे छात्राएं तुरंत अभ्यास और खेल गतिविधियों में भाग ले सकें।

बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है प्रशासनः कलेक्टर इस अवसर पर कलेक्टर गौरव बैनल ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इन नई खेल सुविधाओं और उपलब्ध कराए गए खेल उपकरणों के माध्यम से छात्राओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यहाँ की छात्राएं अब शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी और आने वाले समय में जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

छात्राओं ने जताया जिला प्रशासन का आभार परिसर में ही खेल सुविधाएं और आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराने पर छात्राओं ने बेहद खुशी जाहिर की। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें परिसर के भीतर ही नियमित खेल अभ्यास का अवसर मिलेगा, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास और अधिक सुदृढ़ होगा।

### कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक और अधिकारी रहे उपस्थित इस गौरवशाली शुभारंभ अवसर पर देवसर विधायक

राजेंद्र मेश्राम, जनपद सदस्य राम धनी यादव, वरिष्ठ समाज सेवी पूनम गुप्ता, सहायक आयुक्त रेखा पनचाल, गड़ेरिया परिसर के प्राचार्य बी के द्विवेदी, एकलव्य विद्यालय के जितेंद्र छौंकर, हिंडालको कम्पनी मानव संसाधन प्रमुख डॉ विवेकानंद, सीएसआर प्रमुख संजय सिंह, विजय बैस, राजीव रंजन, वीरेंद्र पांडे सहित विद्यालय के सभी अध्यापक एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# हिंडाल्को महान की पहल से खिले 360 जनजातीय विद्यार्थियों के चेहरे



सिंगरौली। हिंडाल्को महान एल्युमीनियम के सी.एस.आर. विभाग द्वारा संचालित 'बोधम – एजुकेशन सपोर्ट प्रोग्राम' के अंतर्गत ग्राम डगा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत जनजातीय छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक सहायता सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12 तक के 360 छात्र-छात्राओं को विद्यालय के गणवेश के हिस्से के रूप में ट्रैक-सूट वितरित किए गए।
कार्यक्रम में मानसी महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्याओं अनुजा लीनू पंचमन, श्रद्धा मिश्रा, महुआ मित्रा, प्रतिती मैती एवं मृदुला द्विवेदी ने सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। हिंडाल्को महान के सी.एस.आर. विभाग का प्रतिनिधित्व शीतल श्रीवास्तव ने किया।
विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत, रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं अन्य आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक गीत की भी अतिथियों ने सराहना की। विद्यालय की अनुशासित व्यवस्था, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा ने सभी आगंतुकों को प्रभावित किया।
अपने संबोधन में अनुजा लीनू पंचमन ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन का यह समय उनके भविष्य की मजबूत नींव रखने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आत्मनिर्भर एवं सफल जीवन का सबसे मजबूत आधार है।श्रद्धा मिश्रा ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार की शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन, विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्था तथा शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।
इस अवसर पर शीतल श्रीवास्तव ने हिंडाल्को महान के सी.एस.आर. प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंडाल्को महान का सी.एस.आर. विभाग समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है।विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह ने हिंडाल्को महान एवं मानसी महिला मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।
कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका गीता चौहान ने किया, जबकि कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका मनप्रीत कौर का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। हिंडाल्को महान की यह पहल जनजातीय विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, आत्मविश्वास एवं समग्र व्यक्तित्व निर्माण के प्रति उसकी सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।